आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

एनटीए–परीक्षा तारीख

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने रद्द और स्थगित परीक्षाओं के लिए नई तारीखों की घोषणा कर दी है। जिसके मुताबिक यूजीसी–नेट जून 2024 परीक्षा अब 21 अगस्त से 4 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा इस महीने की 18 तारीख को आयोजित किए जाने के एक दिन बाद रद्द कर दी गई थी। इसी प्रकार संयुक्त सीएसआईआर–यूजीसी–नेट जून–2024 अब 25 से 27 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा भी स्थगित कर दी गई थी। चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम–आईटीईपी में प्रवेश के लिए नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट को भी स्थगित कर दिया गया था। यह परीक्षा अब 10 जुलाई को आयोजित होगी।

मुख्यमंत्री

राज्य सरकार ने आने वाले समय में प्रदेश में प्रति वर्ष 5 करोड़ पर्यटकों को लाने का लक्ष्य रखा है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आधारभूत सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। ये बात मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के तहत अंदरौली में जल क्रीड़ा गतिविधियों का निरीक्षण करने के बाद कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पर्यटन क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और राज्य सरकार प्रदेश में धार्मिक, साहसिक तथा ईको टूरिज्म को बढ़ावा दे रही है जिससे युवाओ के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

राजस्व मंत्री

राजस्व, बागवानी तथा जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने चंबा जिला में कल पांगी घाटी के विभिन्न क्षेत्रों में 86 करोड 41 लाख रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास किए। उन्होंने धरवास में 84 करोड 50 लाख रूपए की लागत से एकलव्य आदर्श आवसीय विद्यालय के शिलान्यास के अलावा घाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने के मध्य नजर साच दर्रे के शिखर पर एक करोड़ 2 लाख रुपए की लागत से भूत ग्राउंड के सौंदरीकरण कार्य तथा एक करोड़ 39 लाख रुपए की लागत से साच शिखर पर एक वैकल्पिक सड़क मार्ग के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। जगत सिंह नेगी ने कहा कि एकलव्य आदर्श आवसीय विद्यालय पांगी का भवन आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण होगा जिसमे विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ आधुनिक सुविधा युक्त छात्रावास, खेलकूद मैदान, डिजिटल पुस्तकालय जैसी अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बनने से पांगी घाटी के विद्यार्थियों को अपने घर द्वार पर ही उच्च स्तरीय शैक्षणिक सुविधाएं व वातावरण मिलेगा। भविष्य में यह विद्यालय घाटी की तरक्की व खुशहाली के लिए कारगर साबित होगा।

अमरनाथ यात्रा

52 दिनों तक चलने वाली वार्षिक अमरनाथ यात्रा आज सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच कश्मीर घाटी के पहलगाम और बालटाल मार्ग से शुरू हो गयी । यह यात्रा 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा के दिन सम्पन्न होगी। 4 हजार 6 सौ श्रद्धालुओं का पहला जत्था पवित्र गुफा के लिए रवाना हो गया है। जम्मू कश्मीर प्रशासन ने यात्रा को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं।

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर ''मन की बात'' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मन की बात की यह पहली कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

<u>और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..............</u>

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मॉनसून से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है–शिमला में नौ वाहन मलबे में दबे, खतरे में गंबरपुल, कुनिहार की दुकानों में घुसा पानी। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है शिमला में मलबे में दबी कई गाड़ियां, मकान ढहा। दैनिक जागरण के शब्द हैं शिमला में घरों में घुसा मलबा, नौ वाहन दबे। दैनिक भास्कर का कहना है अगले 48 घंटे भारी–सात जिलों में 115 से 150 मिलीमीटर बारिश की चेतावनी।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है राजभवन पहुंचकर सीएम सुक्खू ने दूर की राज्यपाल की नाराज़गी। पंजाब केसरी लिखता है योग दिवस पर लापरवाही स्वीकारी, कुलपति की नियुक्ति को लेकर किया संवाद।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है हिमाचल ने केंद्र सरकार से मांगी 15 हजार 7 सौ करोड़ स्पेशल ग्रांट।

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के हवाले से आपका फैसला लिखता है 350 बस चालकों की भर्ती जल्द होगी।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है बड़ी राहत–जुलाई में घोषित होगा जेओए आईटी 817 का रिजल्ट।